मैं तो जपु सदा तेरा नाम

मैं तो जपु सदा तेरा नाम विनायक दया करो,

द्वार खड़े है भक्त तुम्हारे,
अपनी दया के खोलो द्वारे,
पूरण हो सब काम,
विनायक दया करो...

भजन कीर्तन गाउँ में तेरा,
नित उठ ध्यान में ध्याऊँ तेरा,
हे प्रथम पूज्य भगवान,
विनायक दया करो...

साधु संत की संगती देना,
नाम अपने की रंगती देना,
हे गौरीसुत नाथ,
विनायक दया करो....

मेरे मन की ज्योत जगा दो,
मुझको अपनी शरण लगा लो,
पंहुचा दो निज धाम,
विनायक दया करो....

मैं तो जपु सदा तेरा नाम,
विनायक दया करो...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4665/title/main-to-japu-sada-tera-naam-vinayak-daya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |